दिन–रविवार दिनांक– 11 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अधिक उपज, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की एक सौ नौ किस्में जारी की।

02. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण गंगा, गंडक और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि। गंगा नदी पटना के दीघा घाट और गांधी घाट लाल निशान के पार।

03. पेरिस ओलंपिक दो हजार चौबीस का आज रात भव्य समारोह के साथ होगा समापन। ओलंपिक गेम्स में भारत ने एक रजत और पांच कांस्य पदक जीते।

04. और, बिहार के शैलश कुमार का पेरिस पैरा ओलंपिक की राष्ट्रीय टीम में चयन।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में अधिक पैदावार वाली, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की एक सौ नौ किस्में जारी की। इन किस्मों में एकसठ फसलें शामिल हैं, जिनमें चौंतीस खेती की तथा सत्ताईस बागवानी की फसलें हैं। खेती की फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधि पौधों के बीज हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। नई फसल किस्मों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनसे कृषि में मूल्यवर्धन होगा। किसानों ने कहा कि नई किस्मों से उनके खर्चों में कमी आएगी और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में बात करते हुए कहा कि आम जनता का जैविक कृषि पर भरोसा बढ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग कर रहे है और इनकी मांग बढ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को नई किस्मों के बारे में किसानों को जानकारी देने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। श्री मोदी ने नई फसल किस्म विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाददाताओं से कहा कि आज किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन है जब पैंसठ फसलों की एक सौ नौ किस्में जारी की गई हैं।

———बाईट———

हमारे वैज्ञानिकों ने अद्भत काम किया और फसलों की 109 प्रजातियों के बीज तैयार किए। बागवानी की आम की ऐसी किस्में तैयार कीं जो जल्दी खराब नहीं होगी, दिखने में भी सुंदर हो, स्वादिष्ट भी हो, जिसको हम एक्सपोर्ट भी कर सकें, एक्सपोर्ट हम कर भी रहे हैं। एक सौ नौ नई किस्में किसान की जिंदगी भी बदलेगी, उनके लाभ को भी बढायेगी और जनता के लिए पोषण की दृष्टि से बहुत उपयोगी होगी। हमारे एक्सपोर्ट को भी बढायेगी।

हमारे संवाददाता ने कार्यक्रम में मौजूद कुछ किसानों से बातचीत भी की। किसानों ने भरोसा जताया कि इन फसलों से आमदनी बढाने में मदद मिलेगी।

——बाईट———

रवीन्द्र कुमार, गांव नांगलठाकरन दिल्ली। प्रधानमंत्री जी ने जो हमें जो नई किस्में दी हैं उसमें जो बाजरे की किस्म है वो 70 दिन में फसल उग जाती हैं पूरे उपज किसान के हाथ में आ जाती है। नॉर्मली हमें उपज लेने में 90 से सौ दिन का समय लगता है। लेकिन इससे चूंकि हमें 70 दिन में मिल जायेगी तो अब जलवायु परिवर्तन की वजह से बेमौसम बारिश हो जाती है तो उससे भी हमें फायदा होगा और हमारे जो बीस से तीस दिन बच रहे हैं इससे हमें जो है उस समय का अलग फसल चक्र में उपयोग कर सकते हैं और हमारी मजदूरी कम लगेगी।

इस कार्यक्रम में शेखपुरा जिले के किसान भी शामिल हुये।

———————————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के चलते गंगा, गंडक और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार पटना जिले के दीघा घाट में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से सात सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया, जबकि गांधी घाट में नदी लाल निशान से उनासी सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। भागलपुर में नदी खतरे की निशान से छत्तीस सेंटीमीटर नीचे बह रही है। पुनपुन नदी पटना के शिवपालपुर में खतरे के निशान से छह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली और गंगपुर सीसवन में खतरे के निशान से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। गंडक नदी मुजफ्फरपुर जिले के रेवा घाट और हाजीपुर में खतरे निशान से नीचे बह रही है। बुढ़ी गंडक नदी खगड़िया में लाल निशान से ऊपर बह रही है। मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी चेतावनी स्तर को पार कर गयी है।

———बाईट———

मुंगेर में गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी के निशान को पार कर गया है। जिले के धरहरा, जमालपुर, बरियारपुर और मुंगेर सदर प्रखंड की कई पंचायतो में बाढ़ जैसे हालत बन गए हैं। सदर प्रखंड की जाफरनगर, टिकारामपुर पंचायत पानी से घिर गयी है, जिससे आवगमन बंद हो गया। नए इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश होने से प्रभावित क्षेत्र के लोग पशुओ के साथ ऊँचे स्थानों और टीलों की ओर पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। मुंगेर से आकाशवाणी समाचार के लिए प्रशांत कुमार सिंह

रोहतास जिले में सोन नदी के जलस्तर में कमी आयी है। हालांकी नदी के जलग्रहण क्षेत्र में बारिश होने के कारण जलस्तर में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

———बाईट———

सोन नदी के जलग्रहण क्षेत्र में बारिश होने से नदी के जलस्तर बढ़ने की संभवना है। मुख्य अभियंता सुजीत कुमार ने बताया कि अगले दो–तीन दिनों में सोन नदी का जलस्तर बढ़ सकता है। इसके मद्देनजर इंद्रपुरी बराज के फाटकों को खुल कर बाढ़ नियंत्रण करने की कार्रवाई की जा रही है। उधर, जिला प्रशासन ने सोन तटीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साथ ही नाविकों और तैराकों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। आकाशवाणी समाचार के लिए रोहतास से चंदन कुमार

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के कारण तापमान में कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे के दौरान पश्चिम चंपारण के कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, गोपालगंज, सीवान, पूर्वी चंपारण, कटिहार और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राज्य के उत्तर–पूर्व और उत्तर–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर बारिश के साथ वज्रपात की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि प्रदेश के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

———बाईट———

पिछले चौबीस घंटो के दौरान प्रदेश के विभिन्न भागों में मध्यम से भारी बारिश हुयी है। राजधानी पटना में हुयी बारिश से निचले इलाकों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

———————————————————————————

लगभग तीन सप्ताह तक चली, रोमाचंक खेल स्पर्धाओं के बाद आज रात पेरिस ओलिम्पिक खेल सम्पन्न हो रहे हैं। समापन समारोह भारतीय समयानुसार रात साढ़े बारह बजे शुरू होगा। इस दौरान अस्सी हजार दर्शकों के स्टेडियम में मौजूद रहने की संभावना है। समापन समारोह में ओलिम्पिक का ध्वज, दो हजार अठाईस में लॉस एंजिलिस में होने वाले अगले ओलिम्पिक खेलों की आयोजन समिति को सौंपा जाएगा। इस ओलिम्पिक में भारत ने एक रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर एकहत्तर वां स्थान हासिल किया।एक रिपोर्ट–

———बाईट———

मनु भाकर ने कांस्य पदक जीतकर इस ओलिम्पिक में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रचा। वे ओलिम्पिक निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला हैं। उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर की मिक्सड टीम एयर पिस्टल स्पर्धा में एक और कांस्य पदक जीतकर एक ही ओलिम्पिक में दो पदक जीतने वाली पहली महिला होने का नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में तीसरा पदक जीता। हॉकी में भारतीय पुरुष टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। नीरज चोपड़ा ने पुरुषो के भाला फेंक में

रजत पदक जीता। भारत के उभरते हुए पहलवान अमन सहरावत कांस्य पदक जीतकर ओलिम्पिक में पदक जीतने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। चीन ने 39 स्वर्ण, 27 रजत और 24 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अमरीका 38 स्वर्ण, 42 रजत और 42 कांस्य पदकों के साथ दूसरे जबकि ऑस्ट्रेलिया 18 स्वर्ण, 18 रजत और 18 कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

————————————————————————————

बिहार के शैलश कुमार का चयन पेरिस पैरा ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में किया गया है। इसका आयोजन अठाईस अगस्त से अठाईस सितंबर तक किया जायेगा। जमुई जिले के रहनेवाले शैलेश कुमार पिछले एशियन पैरा गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता रहे हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार की मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत इनको इस वर्ष प्रथम श्रेणी की नौकरी दी गयी है।

————————————————————————————

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉक्टर भीम सिंह द्वारा लिखित **भारत के पचहत्तर महान क्रांतिकारी** पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर श्री हरिवंश ने कहा कि श्री सिंह ने पुस्तक में गुमनाम नायकों के संबंध में जानकारी एकत्रित की है, जिससे पाठक अवगत होगें।

————————————————————————————

शेखपुरा पुलिस ने सिपाही भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ के माध्यम से नकल करने एक और कराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक बलराम कुमार चौधरी ने बताया कि डीएम मॉडल उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र से एक परीक्षार्थी राजीव कुमार को ब्लूटूथ से नकल करते पकड़ गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने स्थानीय लाल बाग मोहल्ला से नकल कराने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों व्यक्ति भागलपुर जिले के निवासी हैं। इधर, अरवल जिले के बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र से कदाचार के आरोप में तीन परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया।

————————————————————————————

अठतरवें स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर राज्य भर में व्यापक तैयारी की जा रही है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जिले में होने वाले समारोह को लेकर प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गयी है। इधर, स्वतत्रंता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दानापुर प्रखंड के लखनी बिगहा महादलित टोला में झण्डा फहरायेगें। झण्डोतोलन की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने टोले का दौरा किया। उन्होंने कहा कि बारिश की संभावना के मद्देनजर सभी आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के असरगंज थाना क्षेत्र में हाई वोल्टेज तार की चपेट मे आने से एक कांवरिया की मौत हो गयी। मृतक किशनगंज जिले का निवासी था। पुलिस ने बताया कि सड़क किनारे खड़ी बस पर सवार कांवरिया बिजली के तार की चपेट में आने से ये हादसा हुआ। वहीं, जमुई जिले में सिकंदरा–जमुई मुख्य मार्ग पर अगहरा गांव के पास कांवरियों से भरा एक वाहन पलट गया, जिससे उस पर सवार आठ कांवरिया घायल हो गये।

———————————————————————————

सुपौल जिले के रिफ्यूजी कॉलोनी के बैनाली पट्‌टी गांव से एसएसबी की टीम ने दस किलोग्राम गांजा जब्त किया है।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने ट्रैक्टर पर लदे शीशम और सागवान समेत अन्य किस्म की लकड़ी बड़ी संख्या में जब्त की है। रामनगर रेंज के एसआई जलेश्वर महतो ने बताया कि वनकर्मियों को देखकर तस्कर फरार हो गये।

———————————————————————————

पटना के विद्यापति भवन में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बिहार प्रदेश आदर्श चौरसिया महासभा के सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में चौरसिया समाज की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

———————————————————————————

कैमूर जिले के आदर्श बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं द्वारा धान की रोपनी, खेलकूद, कावड़ यात्रा, चुड़ीहारन, मेंहदी, रक्षाबंधन और झूला की झाकियां प्रस्तुत की गईं।

———————————————————————————

खगड़िया जिले के चौथम प्रखंड में कोसी नदी में एक नाव अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा कर पलट गयी। इस हादसे के दौरान नाव में सवार करीब दो दर्जन लोग तैर कर बारह निकल आये, जबकि एक महिला समेत दो लोग लापता बताये जा रहे हैं। एसडीआरएफ के टीम लापता व्यक्तियों की तलाश कर रही है।

———————————————————————————

आज शहादत दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ बयालीस में अगस्त क्रांति के दौरान प्रदेश के सात विद्यार्थियों ने शहादत देकर पटना सचिवालय पर तिरंगा लहराया था। इन सात शहीदों की याद में आज पटना स्थित शहीद स्मारक पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं, शहीद खुदीराम बोस की शहादत की याद में आज मुजफ्फरपुर स्थित केंद्रीय कारा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गोपाल मीणा, पुलिस महानिरीक्षक शिवदीप लांडे, जिला पदाधिकारी सुव्रत कुमार सेन और बंगाल के मिदनापुर से आये कई लोगों ने अमर शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

———————————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अधिक उपज, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की एक सौ नौ किस्में जारी की।

02. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण गंगा, गंडक और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि। गंगा नदी पटना के दीघा घाट और गांधी घाट में लाल निशान के पार।

03. पेरिस ओलंपिक दो हजार चौबीस का आज रात भव्य समारोह के साथ होगा समापन। ओलंपिक गेम्स में भारत ने एक रजत और पांच कांस्य पदक जीते।

04. और, बिहार के शैलश कुमार का पेरिस पैरा ओलंपिक की राष्ट्रीय टीम में चयन।

———————————————————————————————

समाप्त